# जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में दिनांकः 13.10.2022 को संपन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 13.10.2022 को जनपद जौनपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि
5. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि
6. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1. शासन द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DSWM) समिति जनपद जौनपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित संस्था M/s AFCONS INFRASTRUCTURE LIMITED Afcons House, 16 Shah Industries Estate, Veera Desai Raod, Azad Nagar, P.O. Box No.-11978 Andheri (W) Mumbai-400053 द्वारा 58 नग ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

2. जल जीवन मिशन फेज–2 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 206 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनका कवर अनुबन्ध राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा तैयार किया गया है, के सापेक्ष 132 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर निर्माण सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मात्र 132 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किये जाने पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र स्वीकृत सभी पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ करें।

3. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि 68 नग स्वीकृत पाइप पेयजल योजनाओं के कैम्पस में जल–जमाव, पहुँच मार्ग में अवरोध होने एवं अन्य कारणों से निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा पा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त 68 नग पेयजल योजनाओं का स्थलीय सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्य के लिए पाँच नामित आई0एस0ए0 को 10–10 योजनाएं, टी0पी0आई0ए0 को 10 योजनाएं एवं डी0पी0एम0यू0 को 8 योजनाएं आवंटित की गयीं।

4. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि पांच नग निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं पर परिवारों द्वारा गृह संयोजन लिये जाने हेतु असहमति व्यक्त की जा रही है, इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इस प्रकार के ग्राम पंचायतों में आई0ए0एस0ए0 एवं उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान चलाकर दूषित पेयजल से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभाव एवं पाइप पेयजल योजना के शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया जाय एवं अधिक से अधिक हाउस कनेक्शन लेने हेतु प्रेरित किया जाय।

Cont.-2

Scanned with CamScanner

5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि पाइप पेयजल योजना से सभी पूरवों एवं घरों को आच्छादित किया जाना सुनिश्चित करें, सभी घरों को हाउस कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जाय।

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0ए0 द्वारा निर्माण कार्य के दौरान दिये गये नॉन कम्प्लाएन्स का तुरन्त कम्प्लाएन्स किया जाय एवं कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।

7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गये ट्रेन्चों की बैकफीलिंग यथोचित ढंग से पूर्ण किया जाय जिससे आवागमन में कोई असुविधा न हो।

8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप पेयजल योजना के निर्माण के लिए नामित एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व रोड़ कटिंग आदि से सम्बन्धित ड्राइंग सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर एन0ओ0सी0 प्राप्त कर लिया जाय।

9. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कैम्पस का चिन्हांकन कराकर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत साइनबोर्ड अवश्य लगा दिया जाय।

10. जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0ए0 से सामाग्री की गुणवत्ता के सम्बन्ध में पूछे जाने पर टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रयोग की जा रही सामाग्री की गुणवत्ता मानकानुरूप है, उक्त सामाग्रियों की प्री–डिलेवरी एवं पोस्ट–डिलेवरी इन्सपेक्शन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से कराया जा रहा है।

11. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) के प्रतिनिधि से एफ0एच0टी0सी0 किये जाने की दैनिक प्रगति पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि लगभग 250 गृह संयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है एवं 15 दिवस के पश्चात् उक्त प्रगति बढ़ाकर 500 नग प्रतिदिन कर दिया जायेगा इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त प्रगति 15 दिवस के पश्चात् न्यूनतम् 500 नग प्रतिदिन न किये जाने के उपरान्त फर्म के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

12. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति पूछे जाने पर मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधि द्वार अवगत कराया गया कि 430 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की स्वीकृति के उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है, जिसके सापेक्ष 187 नग डी0पी0आर0 पर एस.एल.एस.एस. सी. द्वारा स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है, एवं 107 नग पाइप पेयजल योजनाओं का कवर एग्रीमेन्ट तैयार कर लिया गया है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 15 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष शत्–प्रतिशत योजनाओं पर कार्य तुरन्त प्रारम्भ करने हेतु एवं अन्य अवशेष डी0पी0आर0 यथाशीघ्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

Cont.-3

Scanned with CamScanner

13 जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप लाइन लेइंग एवं एफ0एच0टी0सी0 सम्बन्धी कार्यों की प्रगति पूछे जाने पर मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप के प्री–डिलेवरी इन्सपेक्शन का कार्य प्रगति पर है 3–4 दिवस के भीतर पाइप की डिलेवरी हो जाने के उपरान्त पाइप लाइन लेइंग एवं एफ0एच0टी0सी0 से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

14 मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 2026 राजस्व ग्रामों के लिए भूमि की उपलब्धता प्राप्त कर ली गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि शेष भूमि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी महोदय एवं डी0पी0एम0यू0 से समन्वय स्थापित कर प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें, एवं सर्वे टीम बढ़ाकर अधिकतम डी0पी0आर0 तैयार कर जल जीवन मिशन पोर्टल पर अपलोड करें।

15. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु नामित संस्था टी0पी0आई0 मेधज को यह निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

16. टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन लेइंग की चौड़ाई ट्रेन्चर से कार्य किये जाने के कारण मानकानुसार (30 सेमी+डाया) नहीं प्राप्त हो पा रहा है, इस पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को उक्त कार्य हेतु वास्तविक चौड़ाई पर ही भुगतान किया जा रहा है।

17. जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वेलस्पन एवं एफकान्स एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है, कार्य की प्रगति असंतोषजनक है, इसमें और अधिक तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। सम्बन्धित संस्था को यह निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक मैनपॉवर/मशीनरी लगाकर कार्य ससमय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

18. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि डी0पी0एम0यू0 को वांछित सूचनाएं उपलब्ध करा दिया जाय।

उपरोक्त बिन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(साईं तेजा सीलम)
मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांकः 1149 / जलजीवनमिशन / 203 दिनांकः 13/10/2022

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3.. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, मुम्बई।
5. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), मुम्बई।
6. डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।

मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner